आमोखस व मिडिया की खबरों व प्रथम समाचार पत्र

RNI No. UPHIN/2012/47484



# जननायक सम्राट



बर्ष :13 अंक :385 पृष्ठ -4 दिनांक 27 जनवरी 2025 दिन सोमवार

## उत्तराखंड बनेगा समान नागरिक संहिता करने वाला पहला राज्य, 27 जनवरी से होगा लागू

उत्तराखंड 27 जनवरी 2025 को समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करने वाला आजाद भारत का पहला राज्य बनने जा रहा है. मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में तीन वर्षों की लगातार मेहनत और प्रक्रिया के बाद यह कानून अब मूर्त रूप लेने जा रहा है.राज्य मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा 24 जनवरी को जारी निर्देशों के अनुसार, यूसीसी का आधिकारिक पोर्टल भी इसी दिन लॉन्च किया जाएगा. मुख्यमंत्री सचिवालय में 27 जनवरी को दोपहर 12रू30 बजे यूसीसी पोर्टल का उद्घाटन किया जाएगा. यह कदम राज्य में समान नागरिक संहिता के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए एक महत्वपूर्ण कड़ी होगा. इस मौके पर मुख्यमंत्री, उच्च अधिकारी और अन्य गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रहेगी. मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के सचिव शैलेश बगोली द्वारा जारी पत्र के अनुसार, सभी संबंधित विभागों और अधिकारियों को इस कार्यक्रम में भाग लेने और इसे सफल बनाने के लिए निर्देशित किया गया है.न्ब्ब पोर्टल की मॉक ड्रिल पूरी उत्तराखंड सरकार ने समान नागरिक संहिता लागू करने के लिए पिछले तीन वर्षों में कई स्तरों पर कार्य किया. इसके लिए विभिन्न विशेषज्ञ समितियों का गठन किया गया, जिनमें कानूनी विशेषज्ञ, समाजशास्त्री और प्रशासनिक अधिकारी शामिल थे. इन



समितियों ने राज्य में कानून लागू करने के लिए आवश्यक मसौदा तैयार किया और इसकी व्यवहारिकता का परीक्षण किया.इससे पहले यूसीसी के वेब पोर्टल की दो बार मॉक ड्रिल भी आयोजित की गई, जिससे लॉगिन संबंधित तकनीकी बाधाओं को दूर किया गया. अब यह पोर्टल पूरी तरह तैयार है और 27 जनवरी को आम जनता के लिए सुलभ होगा.उत्तराखंड समान नागरिक संहिता लागू करने वाला स्वतंत्र भारत का पहला राज्य होगा. मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इसे अपने कार्यकाल की सबसे बड़ी उपलब्धियों में से एक बताया है. सरकार का कहना है कि यूसीसी से समाज में एकरूपता आएगी और सभी नागरिकों के लिए समान अधिकार और दायित्व सु. निश्चित होंगे.पीएम के आने से पहले न्ब्ब्प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 28 जनवरी को देहरादून आगमन से ठीक एक दिन पहले यह कानून लागू किया जाएगा. इसे राज्य सरकार की एक बड़ी उपलब्धि और केंद्र सरकार की विकासशील नीतियों के समर्थन के रूप में देखा जा रहा है.यूसीसी लागू करने और पोर्टल लॉन्च के कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए राज्य सरकार ने सभी विभागों को सख्त निर्देश जारी किए हैं. जिला और मंडल स्तर के अधिकारियों को जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने और जनता को इस कानून के बारे में जानकारी देने के लिए कहा गया है. समान नागरिक संहिता का अर्थ है कि देश के सभी नागरिकों के लिए एक ही कानून लागू होगा, चाहे उनका धर्म, जाति या पंथ कुछ भी हो. इसमें विवाह, तलाक, गोद लेने, उत्तराधिकार और संपत्ति विभाजन जैसे व्यक्तिगत मामलों के लिए समान कानून बनाए गए हैं.

## प्रधानमंत्री मोदी ने 76वें गणतंत्र दिवस पर देशवासियों को दी शुभकामनाएं



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 76वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं दीं। इस दौरान उन्होंने संविधान के आदर्शों को सुरक्षित रखने और एक समृद्ध भारत बनाने के लिए अपने प्रयासों को मजबूत करने का संकल्प दोहराया।प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, "गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं! आज हम अपने गणराज्य के 75 वर्ष पूरे होने का जश्न मना रहे हैं। हम उन दूरदर्शी पुरुषों और महिलाओं को श्रद्धांजलि देते हैं जिन्होंने हमारा संविधान तैयार किया जो लोकतंत्र, गरिमा और एकता के आधार पर हमारी यात्रा को सुनिश्चित करता है। यह दिन हमें इन आदर्शों की रक्षा के लिए अपने प्रयासों को दोगुना करने और एक मजबूत, समृद्ध भारत के निर्माण की प्रेरणा देता है।"भारत आज 26 जनवरी (रविवार) को कर्तव्य पथ पर अपनी विविधता, एकता, विकास और सैन्य ताकत का भव्य प्रदर्शन करते हुए अपना 76वां गणतंत्र दिवस मनाएगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु इस समारोह का नेतृत्व करेंगी। वहीं इस बार गणतंत्र दिवस पर इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबावो सुबियांतो मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

## सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव, संगम में लगाएंगे आस्था की डुबकी



महाकुंभ में विपक्षी दलों को लेकर उठ रहे सवालों के बीच समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव आज प्रयागराज जाएंगे और महाकुंभ में आस्था की डुबकी लगाएंगे. सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक सपा अध्यक्ष आज सुबह करीब 11.30 बजे एयरपोर्ट आएंगे, जिसके बाद वो यहां से सीधा मेला क्षेत्र पहुंचेंगे और फिर संगम के तट पर पवित्र स्नान करेंगे. इसके बाद वो समाजवादी पार्टी के शिविर में भी जाएंगे और कई संत महात्माओं के पंडाल जाएंगे और उनके दर्शन करेंगे.सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव का इससे पहले 23 जनवरी को ही महाकुंभ जाने का प्लान था लेकिन किसी कारणवश इसे टाल दिया गया. जिसके बाद अब एक बार फिर से अखिलेश यादव के संगम नगरी जा रहे हैं. उनकी महाकुंभ यात्रा के लिए सपा की ओर से पूरी तैयारी कर ली गई है. हालांकि मेला प्रशासन को अभी तक उनके महाकुंभ में आने का शेड्यूल नहीं भेजा गया है. महाकुंभ में आज स्नान करेंगे अखिलेश यादवअखिलेश यादव के कई दिनों से उनके संगम स्नान को लेकर चर्चा थी लेकिन अब सूत्रों की माने तो रविवार को सपा प्रमुख प्रयागराज में महाकुंभ स्नान करने जाएंगे. हालांकि उनके साथ कौन कौन स्नान करने जाएंगे इसकी पुष्टि नहीं हो पाई है. इससे पहले मकर संक्रांति पर उन्होंने हरिद्वार में गंगा नदी में स्नान किया था. जिसके बाद उन्होंने एक प्रेस कांफ्रेंस में कहा था कि वो पूरे परिवार के साथ महाकुंभ में स्नान करने जाएंगे. प्रयागराज जाने के सवाल पर उन्होंने कहा था कि जब मां गंगाबुलाएंगी तब वो संगम जाएंगे. अखिलेश यादव लगातार महाकुंभ में सरकार द्वारा की गई व्यवस्था को लेकर सवाल उठाते रहे हैं. उन्होंने सरकार से तमाम कमियों को दूर करने की मांग की है. इससे पहले अखिलेश यादव महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या के आंकड़े को भी फर्जी करार दे चुके हैं. उन्होंने गोरखपुर से आने वाली खाली ट्रेनों का वीडियो शेयर करते हुए दावा किया था कि सरकार फर्जी आंकड़े दिखा रही है. हालांकि बीजेपी लगातार उनके महाकुंभ में नहीं आने पर घेरती रही है. बीजेपी ने दावा किया कि सपा अध्यक्ष को महाकुंभ में आना चाहिए और खुद आकर यहां की व्यवस्था देखनी चाहिए.

## यूपी के मुख्यमंत्री सीएम योगी ने प्रदेश वासियों को गणतंत्र दिवस की बधाई दी।

यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने 76वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर अपने सरकारी आवास पर ध्वज फहराया। इस मौके पर उन्होंने पूरे प्रदेशवासियों को 76वें गणतंत्र दिवस की बधाई दी। उन्हा. ने कहा कि आज ही के दिन भारत ने अपना संविधान लागू करते हुए एक संप्रभु संपन्न लोकतांत्रित गणतंत्र भारत के रूप में अपनी एक नई यात्रा को प्रा. रंभ करने का निर्णय लिया था। एक लंबे संघर्ष के बाद 15 अगस्त 1947 को देश आजाद हुआ।देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद के नेतृत्व में भारत ने एक संविधान सभा का गठन किया। संविधान के प्रत्येक अनुच्छेद को एक माला के रूप में पिरोने का उत्तरदायित्व बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर को दिया गया जिन्होंने 26 नवंबर 1949 को एक मसौदा संविधान सभा के सामने सौंपा और अनंतरू 26 जनवरी 1950 को ये देश खुद का संविधान लागू करने में सफल हो पाया।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारत का संविधान हमें न्याय, समता और बंधुता के साथ जुड़ने की एक नई प्रेरणा प्रदान करता है। सम और विषम परिस्थितियों में यह पूरे भारत को एकता के सूत्र में बांधने में सफल रहा है। आज के इस अवसर पर जब हम भारत के संविधान के लागू होने के 75 वर्ष को पूरा कर रहे हैं, इस अवसर पर मैं भारत माता के महान सपूतों को स्मरण करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। उन्होंने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, डॉ. भीमराव अंबेडकर, सरदार वल्लभभाई पटेल, नेताजी सुभाष चंद्र बोस और डॉ. राजेंद्र प्रसाद जैसे स्वतंत्रता संग्राम केमहानायकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। सीएम ने संविधान सभा के योगदान को स्मरण करते हुए कहा कि यह बाबा साहब डॉ. अंबेडकर के नेतृत्व का परिणाम है कि आज भारत के पास एक समावेशी और प्रगतिशील संविधान है।उन्होंने कहा कि 75 वर्षों की ये यात्रा हमें अमृत काल से जोड़ती है। भारत का



संविधान प्रत्येक नागरिक को न्याय देने के लिए हमारा सबसे बड़ा मार्गदर्शक है। हर नागरिक को बिना भेदभाव के न्याय मिले और पूरा भारत एकता के सूत्र में बंधकर करके भारत की समृद्धि के बारे में सोचे ये प्रेरणा भारत का संविधान देता है। सीएम योगी ने कहा कि आज हम सबके सामने विकसित भारत के निर्माण का लक्ष्य है और ये भारत के संविधान का अनुसरण करके ही पूरा किया जा सकता है। आज के इस अवसर पर जब भारत के संविधान के उस मूल प्रति का हम अवलोकन करते हैं तो हम भारतीय संस्कृति की गहराई और ऊंचाई का अंदाजा लगा सकते हैं।

## कर्तव्य पथ पर देश देख रहा है सैन्य ताकत की झलक, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ले रही हैं सलामी



गणतंत्र दिवस परेड परेड हर साल की तरह इस बार भी दिल्ली के कर्तव्य पथ पर होगी। इसे लेकर सुरक्षा चाक चौबंद है। इस साल गणतंत्र दिवस पर इंडोने. शिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो इस अवसर पर मुख्य अतिथि होंगे। भारत आज अपना 76वां गणतंत्र दिवस मना रहा है। देशभर में रिपब्लिक डे के कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं। वहीं राजधानी दिल्ली स्थित कर्तव्य पथ पर हर साल की तरह इस बार भी अपनी सैन्य शक्ति और समृद्ध सांस्कृतिक वि. रासत का प्रदर्शन किया जाएगा। राष्ट्र संविधान के लागू होने का 'प्लेटिनम जुबली' भी 26 जनवरी को मनाएगा। इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो इस अवसर पर मुख्य अतिथि होंगे। परेड में इंडोनेशिया का 352 सदस्यीय मार्चिंग और बैंड दस्ता भी भाग लेगा। संविधान के लागू होने का 75 साल पूरा होना इस वर्ष समारोहों का मुख्य आकर्षण है, लेकिन झांकियों का विषय 'स्वर्णिम भारत रू विरासत और विकास' है। परेड में कई राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 16 झांकियां और केंद्रीय मंत्रालयों, विभागों और संगठनों की 15 झांकियां प्रदर्शित की जाएंगी।गणतंत्र दिवस परेड में, भारतीय सेना के सिग्नल कोर के मोटरसाइकिल राइडर डिस्प्ले टीम, जिसे श्द डेर डेविल्सश के नाम से जाना जाता है, द्वारा प्रस्तुत होने वाले अद्वितीय प्रदर्शन के साक्षी बन रहे हैं। ये विशेष रूप से प्रशिक्षित और साहसी राइडर्स अपनी असाधारण कौशल, अदम्य साहस और टीमवर्क के लिए प्रसिद्ध हैं। आज, वे सिर्फ अपनी कुशलता का प्रदर्शन नहीं करेंगे, बल्कि दो विश्व रिकॉर्ड भी स्थापित करेंगे, जो उनकी असाधरण क्षमता और समर्पण को और अधिक सशक्त बनाएंगे।संस्कृति मंत्रालय के कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम– जयति जय ममः भारतम की पेशकश। इस कार्यक्रम में पहली बार 5 हजार कलाकारों द्वारा एक साथ प्रस्तुति दी जा रही है।

## मौनी अमावस्या पर राम नगरी में उमड़ेगा श्रद्धालुओं का . सैलाब, अयोध्या में इन सुविधाओं पर रहेगी रोक

हिंदू धार्मिक मान्यताओं में मौनी अमावस्या का विशेष महत्व है, इस दिन पवित्र नदियों में स्नान कर पितरों को तर्पण करने से पितरों को मोक्ष की प्राप्ती होती है. मौनी अमावस्या के मौके पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु श्रीराम की नगरी अयोध्या पहुंचते हैं और सरयू में स्नान दान कर पुण्य लाभ अर्जित करते हैं. मौनी अमावस्या पर श्रद्धालुओं की अनुमा. नित भीड़ को देखते हुए अयोध्या प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम कर रखे हैं. गौरतलब है कि, प्रयागराज महाकुंभ स्नान के बाद श्रद्धालुओं की भीड़ अयोध्या पहुंच रही है. इस साल 29 जनवरी को मौनी अमावस्या का स्नान है. मौनी अमावस्या के मौके पर 10 लाख से अधिक लोगों के अयोध्या पहुंचने की संभावना है. इससे पहले ही अयोध्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है. तीन से पांच लाख श्रद्धालु रोजाना अयोध्या पहुंच रहे हैं. अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं को दिक. कतों का सामना न करना पड़े इसके विशेष इंतजाम इस बार किये गए हैं. मौनी अमावस्या के मौके पर राम नगरी अयोध्या में चार पहिया वाहनों की एंट्री पर रोक रहेगी. इसके अलावा राम मंदिर में भी वीआईपी पास की सुविधा बंद रहेगी.वीआईपी दर्शन व आरती पास पर रहेगी रोक इस आशय से मिली जानक. ारी के मुताबिक, मौनी अमावस्या के दिन राम मंदिर में वीआईपी दर्शन और आरती पास पर रोक रहेगी. वीआईपी दर्शन के लिए सुगम व विशिष्ट दर्शन पास जारी किए जाते हैं. मौनी अमावस्या पर महाकुंभ स्नान के बाद भी दो–तीन दिनों तक अयोध्या में भारी भीड़ उमड़ने की संभावना है. प्रयागराज में डुबकी लगाने के बाद लाखों की संख्या में श्रद्धालु अयोध्या आकर सरयू स्नान व मठ–मंदि. रों में दर्शन–पूजन करेंगे. मौनी अमावस्या के मौके पर भीड़ नियंत्रण के लिए अयोध्या डायवर्जन प्लान लागू किया है, ताकि यहां आने वाले श्रद्धालुओं को दिक. कतों का सामना न करना पड़े.

## गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर सरकार ने पद्म पुरस्कारों का ऐलान किया

गणतंत्र दिवस के ठीक पहले विज्ञान खेल कला साहित्य सहित अलग–अलग क्षेत्र में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने वाली हस्तियों को श्पद्म सम्मानश देने का ऐलान होता है. इस साल भी सरकार की तरफ से 76वें गणतंत्र दिवस पर पद्म सम्मान की लिस्ट जारी कर दी गई है. इस बर धर्म शास्त्रों के जानकार और काशी के विद्वान पंडित गणेश्वर शास्त्री द्रविड़ भी उन दिग्गजों की लिस्ट में शामिल हैं,पद्म पुरस्कार ऐलान के बाद विद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल है.पीएम मोदी के बने थे प्रस्तावक
इससे पहले 76वें गणतंत्र दिवस से ठीक पहले 25 जनवरी को काशी के पंडित गणेश्वर शास्त्री द्रविड़ को पद्मश्री पुरस्कार दिए जाने का ऐलान किया गया है. गणेश्वर शास्त्री द्वारा 2021 में काशी विश्वनाथ कॉरिडोर के लोकार्पण का मुहूर्त, इसके अलावा 2024 में श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का भी मुहूर्त निकाला गया था. इसके अलावा 2024 लोकसभा चुनाव में यह प्रधानमंत्री मोदी के प्रस्तावक भी रहे. पंडित गणेश्वर शास्त्री वाराणसी के रामघाट पर रहते हैं. आधुनिकता वाले इस युग में यह बेहद सादगी, त्याग और संयम के साथ अपना जीवन व्यतीत करते हैं. आज के दौर में खासतौर पर जहां धार्मिक क्षेत्र में खुद की श्रेष्ठता और ज्ञान को लेकर आपस में ही प्रतिस्पर्धा है. वहीं गणेश्वर शास्त्री इन सबसे दूर रहकर भारतीय सनातन संस्कृति के प्रति समर्पण भाव से वेद शास्त्र पुराण संस्कृत का ज्ञान अपनी अगली पीढ़ी को नि. रंतर प्रदान कर रहें हैं.काशी के पंडित गणेश्वर शास्त्री द्रविड़ को पद्मश्री पुरस्कार दिए जाने के ऐलान के बाद एबीपी न्यूज ने उनके शिष्यों से बातचीत की. उनका कहना है कि गुरु जी अभी अस्वस्थ हैं, लेकिन उन्होंने संदेश भेजा है कि इस सम्मान के लिए वह हृदय से आभार व्यक्त करते हैं. इसके अलावा हम सभी शिष्यों और श्री वल्लभराम शालिग्राम साङ्गवेद विद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल है. भारत की समृद्धि और निरंतर उन्नति के लिए हमारी मंगलकामनाएं हैं.

# हाथरस नगर पालिका में गणतंत्र दिवस के अवसर पर एक अजीब स्थिति उत्पन्न हो गई

## एक ही दिन में दो बार राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया



हाथरस नगर पालिका में गणतंत्र दिवस के अवसर पर एक अजीब स्थिति उत्पन्न हो गई, जब एक ही दिन में दो बार राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। नगर पालिकाध्यक्ष श्वेता दिवाकर के पहुंचने से पहले ही कुछ सभासदों ने वहां ध्वजारोहण कर दिया और राष्ट्रगान गाने के बाद वहां से प्रस्थान कर गए।इन सभासदों का कहना था कि नगर पालिका अध्यक्ष समय से नहीं पहुंची थी इसलिए वह ध्वजारोहण कर चले आए।इन सभासदों का कहना था कि उन्होंने सुबह 8रू31 पर नगर पा. लिका में राष्ट्रीय ध्वज फहराया है। और उस समय तक अध्यक्ष वहां नहीं आई थी। इसके कुछ समय बाद जब नगर पालिकाध्यक्ष श्वेता दिवाकर पहुंचीं तो उन्होंने भी कुछ अन्य सभासदों, अधिकारियों और कर्मचारियों की उपस्थिति में दोबारा ध्वजारोहण किया।हाथरस नगर पालिका में चल रही है गुटबाजी...यह घटना नगर पालिका में चल रही गुटबाजी का परिणाम मानी जा रही है। सभासदों का कहना था कि वे निर्धारित समय पर पहुंच गए थे लेकिन पालिकाध्यक्ष श्वेता दिवाकर के समय पर न आने के कारण उन्होंने राष्ट्रीय पर्व के सम्मान में ध्वजारोहण किया। इसे लेकर आज चर्चाएं गर्म रही।

## मुरसान नगर पंचायत अध्यक्ष देशराज सिंह ने किया ध्वजारोहण, हुआ राष्ट्रगान

मुरसान में नगर पंचायत अध्यक्ष देशराज सिंह ने रामलीला मैदान स्थित राजा महेंद्र प्रताप पार्क में ध्वजारोहण किया। उन्होंने महान स्वतंत्रता सेनानी राजा महेंद्र प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। रामलीला मैदान पर कस्बा सहित क्षेत्र के बड़े बुजुर्ग लोगों का फूल माला से स्वागत सम्मान किया। उन्होंने नगर पंचायत कार्यालय में नगर पंचायत कर्मचारी व सभासदों के साथ ध्वजारोहण किया।

## पति मांग रहा बुलेट व दो लाख रूपए, .देवर ने किया गलत काम का प्रयास

उत्तर प्रदेश के हाथरस जनपद में विवाहिता ने पति द्वारा अतिरिक्त दहेज में बुलेट बाइक व दो लाख रुपए और देवर पर गलत काम करने व जान से मारने की कोशिश करने कोशिश करने का आरोप लगाया है। कोतवाली चंदपा क्षेत्र के एक गांव में अपने मायके में रह रही विवाहिता ने ससुराल के लोगों पर दहेज व शारीरिक उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। विवाहिता के पिता की शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर महिला थाना पुलिस मामले की जांच में जुटी है। कोतवाली चंदपा क्षेतमें जुटी है। कोतवाली चंदपा क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती की शादी जुलाई 2024 में कोतवाली हाथरस गेट क्षेत्र के इगलास रोड निवासी युवक के साथ हुई थी। पिता ने शादी में आठ लाख रुपये खर्च किए थे। सोने के आभूषण व अन्य सामान दिया था। पिता ने मुकदमा दर्ज कराते हुए कहा है कि उनकी बेटी घर से विदा होकर ससुराल पहुंची तो ससुराल के लोग उसे कम दहेज का ताहना देकर परेशान करने लगे। आरोप है कि ससुराल के लोग कहते कि तेरे पिता से हमारी दहेज में एक बुलट बाइक और पांच लाख रूपये तय हुए थे। तेरे पिता ने रूपये कम दिये हैं और बुलट मोटरसाइकिल की जगह सादा मोटरसाइकिल दी है।इसलिए अपने पिता से फोन करके कहो कि हमें एक बुलट मोटरसाइकिल व दो लाख रुपये दें। बेटी दुखम्मा सुखम्मा जीवन काटती रही और अपने ससुरालीजनों का उत्पीड़न सहती रही। बार बार उलाहना देते थे कि हमें हैसियत के अनुसार कम दहेज दिया, इसलिए हमारी दहेज की मांग पूरी कराओ। आरोप है कि शादी के एक महीने बाद विवाहिता दोपहरको 12 बजे अपने कमरे में सो रही थी, इसी बीच देवर कमरे में आया और विवाहिता को गलत नीयत से पकड़ लिया। उसके साथ बुरा काम करने का प्रयास किए जाने का आरोप है। विवाहिता के विरोध करने पर कपड़े फाड़ दिये, शोर मचाने पर विवाहिता के मुंह पर तकिया लगाकर, उसे जान से मारने का प्रयास करने का भी आरोप लगाया जा रहा है। इस बात की जानकारी विवाहिता ने सुसराल के लोगों को दी तो उल्टा उसी पर आरोप लगाया गया। आरोप है कि ससुराल के विवाहिता को एक गाड़ी में डालकर मारपीट करते हुए गांव के पास छोड़ गए। कहा कि जब तक तू अपने पिता से एक बुलटमोटरसाइकिल व दो लाख रूपये लेकर नहीं आयेगी, जब तक हम तुझे अपने घर पर नहीं रखेंगे। इसबात को लेकर पिता बेटी की ससुराल गए तो ससुराल के लोगों ने एक नहीं सुनी। गाली देकर व बेइज्जत करके भगा दिया और कहा कि अब तुम्हारी बेटी को हम जब रखेंगे तब तुम हमें एक बुलट मोटरसाइकिल व दो लाख रुपये दे दोगे। पिता की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर महिला थाना पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## नगर पालिका में दो बार ध्वजारोहण, लड्डू बंटे एक बार, सीडीओ ने बिना ड्रेस कोड फहराया तिरंगा

हाथरस 76वें गणतंत्र दिवस पर यूपी के हाथरस में अजीब नजारा देखने को मिला। नगर पालिका में एक ही स्थान पर दो बार अलग–अलग ध्वजारोहण कर दिया। वहीं, विकास भवन में सीडीओ ने बिना ड्रेस कोड के झंडा फहरा दिया। नगर पालिका और विकास भवन में ध्वजारोहण कार्यक्रम को लेकर चर्चा बनी रही।हाथरस नगर पालिका में 26 जनवरी को सभासद और चेयरमैन का अजीब कारनामा देखने को मिला। नगर पालिका में एक ही स्थान पर दो एक ही तिरंगे को दो बार फहरा दिया गया। प्रातरू ध्वजारोहण के समय नगर पालिका चेयरमैन श्वेता चौधरी के देरी से पहुंची। इस पर सभासद सुंदरम शर्मा ने सुबह 8.31 पर पहली बार ध्वजारोहणउ कर दिया। उसके कुछ देर बाद चेयरमैन श्वेता चौधरी नगर पालिका पहुंची और उन्होंने उसी तिरंगे झंडे में पुराने फूल बटोरवा कर को नए सिरे बंधवा दिया। उसके बाद दोबार फिर से ध्वजारोहण किया गया। इस तरह नगर पालिका में दो बार तिरंगा फहराए जाने को लेकर कर्मियों के बीच चर्चा होती रही। दो बार ध्वजारोहण के बाद एक बार लड्डू बंटना भी चर्चा का विषय बना रहा। हाथरस नगर पालिका ही नहीं विकास भवन में भी ध्वजारोहण के दौरान अजीब नजारा देखने को मिला। विकास भवन सभागार में हाथरस के सीडीओ सुरेश चंद्र केसरवानी ने बिना ड्रेस कोड के ध्वजारोहण कर दिया। देखने की बात यह रही है कि इस दौरान डीडीओ प्रेम नाथ यादव पूरे ड्रेस कोड में दिखाई दिए। इसे लेकर भी तमाम तरह की चर्चा होती रहीं।

### उत्तर प्रदेश खेल निदेशालय के तत्वावधान में हाथरस में क्रॉस कंट्री दौड़ प्रतियोगिता का सफल आयोजन

उत्तर प्रदेश खेल निदेशालय के तत्वावधान में हाथरस में क्रॉस कंट्री दौड़ प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। जिला अधिकारी कार्यालय से शुरू हुई इस प्रतियोगिता में कुल 75 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया, जिसमें 50 पुरुष और 25 महिला धावक शामिल थे।महिला वर्ग की 3 किलोमीटर दौड़ का रूट जिला अधिकारी कार्यालय से नगला हीरा सिंह चौराहा (महाकालेश्वर महादेव मंदिर) तक था। वहीं पुरुष वर्ग की 5 किलोमीटर दौड़ ग्राम भगतुआ रोड के मोड़ तक निर्धारित की गई। दोनों प्रतियोगिताएं कलेक्ट्रेट पर समाप्त हुईं।जिला कार्यक्रम अधिकारी धीरेन्द्र कुमार उपाध्याय ने हरी झंडी दिखाकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। महिला वर्ग में अंजली ने प्रथम, कविता ने द्वितीय और नीरू ने तृतीय स्थान उपजिलाधिकारी राज बहादुर ने विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए। उन्होंने तीन युवा बालिका धाविकाओं – राधिका, परी और तनिष्का को प्रोत्साहन स्वरूप पुरस्कार भी प्रदान किया। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में वर्षा रानी, मनोज राना, अलंकृत त्रिपाठी समेत कई निर्णायकों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## आरएसएस सर संघचालक भागवत को नोटिस, शाखा में भगवा ध्वज को गलत तरीके से प्रणाम करने का आरोप

आरएसएस की शाखाओं में भगवा ध्वज को एक हाथ से प्रणाम करने को लेकर एक अधिवक्ता ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के डॉ मोहन भागवत को कानूनी नोटिस भेजा है। सिविल कोर्ट सादाबाद के अधिवक्ता सुनील कुमार ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के भगवा ध्वज को प्रणाम करने के तरीके को अनुचित बताया है। उन्होंने इस संबंध में सर संघचालक डॉ. मोहन भागवत को कानूनी नोटिस भेजा है। नोटिस में कहा गया है कि जिस तरह से संघ की शाखाओं में आपके और संघ के पदाधिकारियों व स्वयंसेवकों द्वारा परम पवित्र भगवा ध्वज को प्रणाम किया जाता है, वह तरीका अनुचित है। भगवा ध्वज सनातन, हिंदू संस्कृति और धर्म का शाश्वत प्रतीक है। सनातन परंपरा के अनुसार प्रणाम दोनों हाथ जोड़कर किया जाता है, न कि एक हाथ से। सनातन के अनुसार गुरु को भी दोनों हाथ जोड़कर प्रणाम किया जाता है, न कि एक हाथ से। इससे धार्मिक भावनाएं आहत हो रही हैं। उन्होंने 60 दिन के अंदर कानूनी नोटिस का जवाब नहीं मिलने पर न्यायालय की शरण लेने की बात कही है।

## निमोनिया का वार बरकरार, सात माह के मासूम की गई जान

अलीगढ़ जिले के इगलास क्षेत्र के गांव भैंया चावड़ निवासी सलीम का सात माह का बेटा अमन चार दिन पूर्व अपनी ननिहाल गांव टुकसान में आया था। उसे सर्दी और जुकाम था। शुक्रवार की देर शाम उसकी तबीयत ज्यादा खराब हो गई। परिजन उसे जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। रोते बिलखते परिजन उसके शव को लेकर गांव चले गए। बागला जिला अस्पताल की ओपीडी में हर रोज 1500 मरीज पहुंच रहे हैं। इनमें प्रतिदिन करीब 50–60 बच्चे निमोनिया से पीड़ित होते हैं। चिकित्सक इन बच्चों को लगातार सर्दी से बचाने की सलाह दे रहे हैं। कई बच्चों का अस्पताल में उपचार भी चल रहा है। दो माह का आर्यन पुत्र जुम्मन खां निवासी नगला चंदराम थाना गोंडा जिला अलीगढ़ निमोनिया से पीड़ित था। 14 जनवरी की रात उसकी तबीयत ज्यादा बिगड़ गई। परिजन उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल लेकर आए। यहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। चंदपा क्षेत्र के गांव कपूरा निवासी मोहित का ढाई साल का बेटा नितिन निमोनिया से पीड़ित था। 14 जनवरी को परिजन उसे अचेत अवस्था में उपचार के लिए बागला अस्पताल लेकर आए थे। यहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौसम में परिवर्तन के चलते सर्दी और जुकाम के मरीज ज्यादा आ रहे हैं। इस समय बच्चों में सर्दी व जुकाम के मामले बढ़ रहे हैं। अभिभावकों को बच्चों को सर्दी से बचाने की जरूरत है। सर्दी या बुखार होने पर तत्काल चिकित्सक की सलाह पर ही बच्चे को दवा देनी चाहिए।

## मोपेड में ट्रैक्टर–ट्रॉली ने मारी टक्कर, भर्ती महिला को देखने जा रहे युवक की मौत

मुरसान में गांव दर्शना के निकट 25 जनवरी की दोपहर करीब तीन मोपेड को ट्रैक्टर–ट्रॉली ने टक्कर मार दी। हादसे में युवक की मौत हो गई, जबकि उसके चचेरे दादा घायल हो गए। हादसे से परिवार शोक में डूब गया है।सागर वर्मा (18) पुत्र पिंटू उर्फ अनिल कुमार निवासी सादाबाद रोड अपने चचेरे दादा अरविंद कुमार के साथ हाथरस में निजी अस्पताल में भर्ती परिवार की एक महिला को देखने के लिए मोपेड से जा रहा था। गांव दर्शना के निकट ट्रैक्टर ट्रॉली ने उसकी मोपेड को टक्कर मार दी, जिससे सागर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अरविंद कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए । मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल व मृतक को जिला अस्पताल पहुंचाया। घायल अरविंद कुमार की हालत गंभीर होने के कारण उन्हें रेफर कर दिया गया। बताया जाता है कि सागर के परिवार में एक महिला के जुड़वां दो बच्चे हुए थे। इनमें से एक बच्चे की मौत हो गई थी। परिजन उसे मुरसान ले आए और दफना दिया गया। सागर अपने चचेरे दादा के साथ महिला को देखने हाथरस निजी अस्पताल जा रहा था। सूचना पाकर ब्लॉक प्रमुख रामेश्वर उपाध्याय बागला जिला अस्पताल स्थित पोस्टमार्टम गृह पहुंच गए और घटना की जानकारी लेकर परिवारजनों को सांत्वना दी।

## सादाबाद क्षेत्र के किसान इन दिनों जंगली जानवरों और निराश्रित पशुओं से बेहद परेशान

सादाबाद क्षेत्र के किसान इन दिनों जंगली जानवरों और निराश्रित पशुओं से बेहद परेशान हैं। तैयार होने वाली आलू की फसल को जंगली सूअर रात में उखाड़कर खा जा रहे हैं, वहीं नीलगाय और अन्य निराश्रित पशु गेहूं की फसल को नुकसान पहुंचा रहे हैं।किसानों का कहना है कि वे दिन–रात खेतों की रखवाली कर रहे हैं, लेकिन जंगली जानवरों के आने का समय अनिश्चित होने से उन्हें रोक पाना मुश्किल हो रहा है। सरसों की खड़ी फसल में छिपकर ये जानवर किसानों के थोड़ा दूर जाते ही खेतों में घुसकर बड़ा नुकसान कर देते हैं।किसानों को हो रहा नुकसानस्थिति और भी गंभीर इसलिए है क्योंकि जंगली सूअर कई बार हिंसक हो जाते हैं। रात में रखवाली करते समय किसानों पर हमला कर देते हैं, जिससे कई किसान अब तक घायल भी हो चुके हैं। क्षेत्र में नीलगाय, जंगली सूअर और निराश्रित पशुओं की संख्या बढ़ने से यह समस्या और भी विकराल होती जा रही है।किसानों की मेहनत और लागत से तैयार की गई फसल इन जंगली जानव. रों के कारण बर्बाद हो रही है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति पर भी गंभीर असर पड़ रहा है। स्थानीय प्रशासन से इस समस्या के समाधान की मांग की जा रही है।

## हाथरस में भारतीय किसान यूनियन ने सासनी और सिकंद्राराऊ तहसीलों में तिरंगा मार्च का आयोजन

हाथरस में भारतीय किसान यूनियन ने सासनी और सिकंद्राराऊ तहसीलों में तिरंगा मार्च का आयोजन किया। सैकड़ों किसान ट्रैक्टर–ट्रॉलियों और अन्य वाहनों पर तिरंगा लहराते हुए गांवों से कस्बों की ओर निकले।सासनी में किसान तहसील परिसर तक पहुंचे, जबकि सिकंद्राराऊ में खेल स्टेडियम में कार्यक्रम का समापन हुआ। भारतीय किसान यूनियन (टिकैत गुट) के प्रदेश उपाध्यक्ष चौधरी मलखान सिंह और जिला संगठन मंत्री संजीव कुमार भोला सूर्यवंशी के नेतृत्व में सासनी में तिरंगा मार्च निकाला गया।यात्रा गोहाना नया नगला से शुरू होकर भोजगढ़ी, तिलौठी और अजरोई होते हुए तहसील परिसर सासनी पर समाप्त हुई। कार्यक्रम के दौरान देश के अमर शहीदों को याद किया गया और उनके चित्रों पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। सिकंद्राराऊ में तहसील अध्यक्ष कमलेश बाबू के नेतृत्व में किसानों ने ट्रैक्टर रैली निकाली। रैली के दौरान किसान एकता जिंदाबाद के नारे लगाए गए। कार्यक्रम का समापन नेहरू पार्क में सभा के साथ हुआ। सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए दोनों स्थानों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहा।कार्यक्रम में भारतीय किसान यूनियन के कई वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे, जिनमें मंडल उपाध्यक्ष राजकुमार यादव, जिलाध्यक्ष सत्यदेव पाठक, जिला महासचिव साजिद अली, नगर अध्यक्ष जाहिद अली और प्रवक्ता उदयवीर सिंह प्रमुख रूप से शामिल थे।

# जिले भर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया गणतंत्र दिवस मण्डलायुक्त ने कमिश्नरी में किया ध्वजारोहण

## कमिश्नरी में सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए आयोजित



अलीगढ़  76वां गणतंत्र दिवस जिले भर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मण्डलायुक्त संगीता सिंह ने कमिश्नरी में ध्वजारोहण के उपरान्त तिरंगे को सलामी दी। स्कूली छात्र–छात्राओं ने देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत मंत्रमुग्ध कर देने वाली प्रस्तुतियां दीं।आयुक्त अलीगढ़ मण्डल अलीगढ़ संगीता सिंह ने 76वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर कमिश्नरी प्रांगण में ध्वजारोहण करने के उपरांत उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मच. ारियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी। तत्पश्चात सभागार में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि गणतंत्र दिवस का यह पावन पर्व स्वाधीनता सेनानियों के त्याग एवं बलिदान को याद दिलाने के साथ ही संविधान के प्रति समर्पित रहने की प्रेरणा प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष का गणतंत्र दिवस विशेष है क्योंकि हम भारतीय संविधान की स्थापना के 75 वर्ष पूर्ण कर रहे हैं। 26 नवंबर 1949 को हमारा संविधान अंगीकृत हुआ, और 26 जनवरी 1950 को इसे लागू किया गया। यह 75 वर्षों का सफर केवल समय का नहीं, बल्कि भारत की लोकतांत्रिक और सामाजिक प्रगति का गवाह है।हमारा संविधान सिर्फ एक दस्तावेज नहीं है, यह हमारे अधिकारों, कर्तव्यों और मूल्यों का प्रतीक है। यह वह शक्ति है, जिसने भारत जैसे विविधताओं से भरे देश को एकता के सूत्र में बांध कर रखा है। पिछले 75 वर्षों में संविधान ने न केवल हमारे लोकतंत्र को सशक्त बनाया, बल्कि इसे हर नागरिक के लिए अवसरों और समानता का मंच भी प्रदान किया। इसमें समाज के हर वर्ग–महिलाओं, दलितों, पिछड़ों, और युवाओं को प्रतिनिधित्व और अधिकार दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि संविधान हमें यह याद दिलाता है कि अधिकारों के साथ–साथ हमारे कर्तव्य भी हैं। यदि हम श्हम भारत के लोगश्श मिलकर अपने कर्तव्यों का पालन करें, तो भारत को विकास और समृद्धि के उच्च शिखर पर पहुंचने से कोई नहीं रोक सकता। संविधान के 76वें वर्ष में हमें यह संकल्प लेना चाहिए कि हम इसके आदर्शों का पालन करेंगे और इसे आने वाली पीढ़ियों के लिए और मजबूत बनाएंगे। यह समय आत्मचिंतन का भी है कि हमने संविधान के उद्देश्यों को कितना साकार किया और क्या बेहतर किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि आज, इस ऐतिहासिक वर्ष में, हम न केवल अपने अतीत पर गर्व करें, बल्कि एक बेहतर भविष्य का निर्माण करने का प्रण लें। यही हमारे संविधान को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। कार्यक्रम का संचालन नीलम शर्मा द्वारा किया गया।इनको दिए गए प्रमाण पत्र उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर 24 जनवरी को कल्याण सिंह हैबिटेट सेंटर में बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा लगाई गई उत्कृष्ट प्रदर्शनी के लिए बेसिक शिक्षा विभाग के कौशलेन्द्र सिंह, सतीश कुमार सिंह, विवेक कुमार, हेमलता गुप्ता, प्रियंका अग्रवाल, फहमीना मुईन, शुभ्रा गोयल, अशोक कुमार, अफरोज गौरी, सना आरिफ, नाजिआ इशाक, शालिनी चौधरी, यतीश गुप्ता को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।इस अवसर पर अपर आयुक्त प्रशासन अरूण कुमार, अपर आयुक्त प्रथम बी0के0 सिंह, संयुक्त विकास आयुक्त मंशाराम यादव, प्रशास. निक अधिकारी संजय गौड़, नाजिर अरुण प्रताप सिंह समेत अन्य अधिक. ारीगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## बेसिक शिक्षा मंत्री श्री संदीप सिंह ने पुलिस लाइन में गणतंत्र दिवस परेड की ली सलामी



अलीगढ़ प्रदेश के मा0 बेसिक शिक्षा मंत्री श्री संदीप सिंह ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर पुलिस लाइन में ध्वजारोहण करने के उपरांत मुख्य अतिथि के रूप में सलामी ली और मान प्रणाम ग्रहण किया।मा0 बेसिक शिक्षा मंत्री श्री संदीप सिंह ने कहा कि संविधान के पालन से ही हम मजबूत कानून व्यवस्था, सभी सामाजिक न्याय देलाने के साथ ही देश को मजबूत बना सकते हैं। देश को जब स्वतंत्रता मिली तब हमारा देश बहुत सी समस्याओं से जूझ रहा था, परन्तु विच. लित हुए बिना बाबा साहब ने विश्वास के साथ एक मजबूत संविधान का निर्माण किया, हमें उनके योगदान भूलना नहीं चाहिए। संविधान को चलाने वाले लोग ही इसे सफल और असफल बनाते हैं। भारत के नागरिकों होने के नाते हमारा कर्तव्य है कि हम संविधान की गरिमा को बनाए रखने के लिए उसका पालन करें। हमें सामाजिक न्याय, स्वतंत्रता एवं समावेश की भावना के साथ ही एक सशक्त भारत का निर्माण कर सकते हैं। इसमें देश के सभी नागरिकों की महत्वपूर्ण भूमिका है। हमारे देश के युवाओं ने विश्व में एक अलग पहचान बनाई है। सभी युवा अपने कर्तव्यों को समझें और राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दें। हमारा भारत जो कभी विदेशी आक्रांताओं से जूझ रहा था वह अब सभी क्षेत्रों में प्रगति के साथ स्वर्णिम युग की ओर बढ़ रहा है।मा0 मंत्री जी ने कहा कि उत्तर प्रदेश की पवित्र भूमि पर विशेष नक्षत्रों में 144 वर्ष बाद प्रयागराज में महाकुंभ का आयोजन हो रहा है। महाकुंभ से हमारे देश की श्वसुधैव कुटुम्बकमश्श की भावना विश्व भर में पलिलक्षित हुई है। महाकुंभ एक धार्मिक आनुष्ठान नहीं है बल्कि यह सामाजिक एकता को याद दिलाता है, यही हमारी अनेकता में एकता की शक्ति है। हमारा भारत विश्व भर में अपनी संस्कृति के लिए जाना जाता है। सभी समुदायों के नागरिक शांति, सद्भावना एवं एकता के साथ रहते हुए एक ऐसे समाज का निर्माण करें जो भेदभाव रहित हो।

उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों एवं वीर सैनिकों के बलिदान को याद करते हुए कहा कि हमें उनकी कुर्बानियों को व्यर्थ नहीं जाने देना है।इस अवसर पर मा0 मंत्री जी ने उप निरीक्षक जितेन्द्र सिंह अहलावत, रमाकान्त शर्मा, सुरेन्द्र सिंह, सतेन्द्रपाल सिंह (राष्ट्रपति पदक के लिए चयनित) समेत विभिन्न टोलियों का नेतृत्व कर रहे परेड कमाण्डरों, संभ्रात नागरिकों विभिन्न थानों में कार्यरत पुलिस कार्मिकों एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुति देने वाले विभिन्न स्कूलों के छात्र–छात्राओं को को प्रतीक चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।समारोह में मण्डलायुक्त संगीता सिंह, डीआईजी प्रभारक चौधरी, डीएम संजीव रंजन, एसएसपी संजीव सुमन, सीडीओ प्रखर कुमार सिंह, एसपी सिटी मृगांग शेखर पाठक, एसपीआरए अमृत जैन, एसपी ट्रैफिक मुकेश उत्तम, एसपी क्राइम ममता कुरील, एएसपी मयंक पाठक, प्रतिसार निरीक्षक अनुभव कुमार त्रिपाठी समेत विभिन्न जनप्रति. निधिगण एवं उच्चाधिकारी उपस्थित रहे।

## अलीगढ़ की अरीबा का आज राजभवन में होगा सम्मान, मेहनत आई काम, घर में खुशी का माहौल



अलीगढ़ शहर की उभरती निशानेबाज अरीबा खान की मेहनत काम आ गई है। प्रदेश सरकार ने खेल के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए उन्हें रानी लक्ष्मीबाई पुरस्कार से नवाजा है।प्रदेश के चार खिलाड़ियों का चयन वर्ष 2023–24 में प्रदर्शन के आधार पर लक्ष्मण और रानी लक्ष्मीबाई अवॉर्ड के लिए किया गया है। इन खिलाड़ियों को 26 जनवरी पर राजभवन में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में सम्मानित किया जाएगा। अलीगढ़ की अरीबा खान को शूटिंग में बेहतर प्रदर्शन के लिए यह सम्मान मिलेगा।अलीगढ़ शहर की उभरती निशानेबाज अरीबा खान की मेहनत काम आ गई है। प्रदेश सरकार ने खेल के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए उन्हें रानी लक्ष्मीबाई पुरस्कार से नवाजा है। पुरस्कार पाने के बाद अरीबा के घर में खुशी का माहौल है।निशानेबाज अरीबा के खाते में कई अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय पदक है।पूर्व निशानेबाज मोहम्मद खालिद खान व फातिमा मरियम की बेटी अरीबा ने वर्ष 2013 में दिल्ली में आयोजित यूपी स्टेट चौंपियनशिप में तीन स्वर्ण पदक जीते।उन्होंने वर्ष 2017 में फिनलैंड में स्वर्ण पदक, वर्ष 2018 में जूनियर वर्ल्ड कप जर्मनी में टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। वर्ष 2019 में फिनलैंड में रजत पदक जीता। वर्ष 2021 में लीमा पेरु में टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता।

## राहगीरों के लिए निशुल्क चाय, बिस्कुट भी साथ में, 2 फरवरी तक जारी रहेगी सेवा

अलीगढ़ के स्वर्ण जयंती नगर में गैलेक्सी टावर के निवासियों ने 16 दिसंबर को राहगीरों के लिए ठंड में निशुल्क चाय का वितरण शुरू किया। निशुल्क चाय शिविर का शुभारंभ सोसाइटी के वरिष्ठ सदस्य कैलाश शर्मा ने कैला देवी व चामुंडा देवी के पूजन से किया था। तब से लेकर रोजाना सुबह 6 बजे से 8 या 9 बजे तक निशुल्क चाय वितरित की जा रही है। बताया जा रहा है कि यह सेवा 2 फरवरी तक जारी रहेगी। निशुल्क चाय शिविर में गोपाल शंकर शर्मा, प्रहलाद अग्रवाल, मुकेश शर्मा, अशोक कुमार शर्मा, शीलेंद्र देव, प्रणव, वीर सिंह आदि सहयोग कर रहे हैं।

## डॉ.शन्नो रानी सरस्वती कन्या महाविद्यालय सिंघारपुर, मथुरा रोड,अलीगढ़ में आज 76वाँ गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ



डॉ.शन्नो रानी सरस्वती कन्या महाविद्यालय सिंघारपुर, मथुरा रोड,अलीगढ़ में आज 76वाँ गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।महाविद्यालय की डॉ० शन्नो रानी अध्यक्ष, प्रबंधक श्रीमान प्रमोद गर्ग एवं अतिथियों द्वारा ध्वजारोहण किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रमोद कुमार गर्ग प्रबंधक, डॉ शन्नो रानी अध्यक्ष, श्याम नारायण अग्रवाल अध्यक्ष केशव सेवा समिति, श्री राजीव अग्रवाल अल्फा कोषाध्यक्ष, मुकेश अग्रवाल नल वाले, सुरेश चन्द्र जी, कालीचरण, प्रमोद शर्मा, अनिल अग्रवाल, हिमांशु गर्ग, विशाल सक्सेना, पुष्पेन्द्र अग्रवाल, डॉ० रजनी गुप्ता द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। महाविद्यालय के प्रबंधक श्रीमान प्रमोद गर्ग जी ने अतिथियों का परिचय कराया।  महाविद्यालय की अध्यक्षा डा.शन्नो रानी जी ने आशीर्वचन देकर बालिकाओं एवं केशव सेवा धाम में रह रहे बालकों का उत्साह वर्धन किया। उन्होंने कहा शहर की कन्याओं को अने. कों सुविधा मिल जाती हैं जिससे वह अपनी शिक्षा को बेहतर बनाती है परंतु गांव की कन्याओं को बेहतर सुविधा न होने के कारण वह अपने भविष्य को अच्छा नहीं कर पाती हैं इसीलिए उन्होंने ग्रामीण क्षेत्र सिंघारपुर में महाविद्यालय का निर्माण करवाया। उन्होंने कहा पूरे भारतवर्ष में कन्याओं के लिएमहाविद्यालय बनने चाहिए। उन्होंने कहा आज लड़कियां हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं इसीलिए उन्हें उनका मनोबल बढ़ाते रहना चाहिए जिससे वह अपने भविष्य को सुरक्षित कर सकें तथा अपने माता–पिता का नाम रोशन कर सके। महाविद्यालय की छात्राओं को अपना आशीर्वाद देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की छात्राओं को हमेशा सही मार्ग पर चलने की सलाह देते हुए अपने माता–पिता गुरु का सदैव सम्मान व उनकी आज्ञा का पालन करने को कहा। प्रबंधक प्रमोद कुमार गर्ग ने कहा की हमारे महाविद्यालय की छात्राएं आगे भी अपनी शिक्षा यहीं से प्राप्त करें इसके लिए वह निरंतर अच्छे प्रयास कर रहे हैं जिससे अपने महाविद्यालय में एम ए , एम कॉम की कक्षाएं भी चल सके। कार्यक्रम का संचालन बहन निधि द्वारा किया गया।

## 12 करोड़ से बनेगी रेलवे रोड की सड़क, अतिक्रमण हटाया, लगाया 12 हजार का जुर्माना

अलीगढ़ शहर के सबसे व्यस्ततम रेलवे रोड का निर्माण 12 करोड़ रुपये से होगा। सीएम ग्रिड योजना में शामिल इस सड़क से 25 जनवरी को निगम प्रशासन ने अभियान चला कर अतिक्रमण हटवाया। आधा दर्जन दुकानदारों पर 12 हजार रुपये का जुर्माना लगाते हुए कइयों के सामानों जब्त किए गए।आने वाले महीनों में शहर की सूरत में बदलाव दिखने लगेगा। सीएम ग्रिड योजना के पैकेज दो में रेलवे रोड का चयन हुआ है। जीटी रोड से होकर कबरकुत्ता, मिरी लाल चौराहा, अब्दुल करीम चौराहा, ऊप. रकोट से खटिकान तक जाने वाले रेलवे रोड का जल्द कार्य शुरू होगा। लगभग डेढ़ किलोमीटर लंबी सड़क पर करीब 12 करोड़ रुपये खर्च होगा। सीसी रोड के साथ नाला–नाली, पार्किंग, लाइटिंग आदि की सुविधा होगी।लखनऊ से आई टीम ने कार्य शुरू कराने का आदेश दिया था। जिसके बाद सहायक नगर आयुक्त वीर सिंह के नेतृत्व में निर्माण विभाग के एई एसएच जैदी और प्रवर्तन दल प्रभारी मुनेश पाल सिंह व टीम ने माल गोदाम से दोपहर बाद अतिक्रमण हटाना शुरू किया। खटिकान मोहल्ले तक चले अभियान में टीम को विरोध का भी सामना करना पड़ा।रेलवे रोड पर जल्द ही सीएम ग्रिड योजना के तहत निर्माण कार्य शुरू होगा। ऐसे में अतिक्रमण हटाया गया है। आगे से कोई भी अतिक्रमण हुआ तो जुर्माना के साथ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।















# कासगंज के कलेक्ट्रेट परिसर में कासगंज जिले में तैनात जिलाधिकारी मेघा रूपम

## सभी अधीनस्थ अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ भारत के 75वें राष्ट्रीय पर्व पर ध्वजारोहण कर सलामी दी

कासगंज के कलेक्ट्रेट परिसर में कासगंज जिले में तैनात जिलाधिकारी मेघा रूपम ने अपने सभी अधीनस्थ अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ भारत के 75वें राष्ट्रीय पर्व पर ध्वजारोहण कर उसे सलामी दी। इस अवसर पर उपस्थित सभी अधिकारियों और कर्मच.ारियों को मतदाता दिवस के अवसर पर शपथ भी दिलाई गई। अपने संबोधन में कहा कि स्वतंत्र गणराज्य बनने और देश में कानून का राज स्थापित करने के लिए 26 नवंबर 1949 को भारतीय संविधान सभा द्वारा इसे अपनाया गया और 26 जनवरी 1950 को इसे लागू किया गया। इसे लागू करने के लिए 26 जनवरी की तारीख इसलिए चुनी गई क्योंकि इसी दिन 1930 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने भारत को पूर्ण स्वतंत्रत स्वतंत्रता की घोषणा की थी। इस दिन हर भारतीय अपने देश के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले अमर सपूतों को श्रद्धांजलि देता है। गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपति राष्ट्र के नाम संदेश देते हैं। स्कूल, कॉलेज आदि में कई कार्यक्रम आयोजित किए जाते



हैं।भारत गणराज्य के राष्ट्रपति दिल्ली के कर्तव्य पथ पर भारतीय ध्वज फहराते हैं। राजधानी दिल्ली में कर्तव्य पथ पर विभिन्न राज्यों की झांकियों के साथ अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। जिले के प्रत्येक कस्बे में आज सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। जिले में विभिन्न सरकारी एवं निजी संस्थानो में राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। हम सभी का यह पुनीत कर्तव्य है कि हमारी आने वाली पीढ़ी को हमारी वै.श्विक एवं सांस्कृतिक विरासत के बारे में पता चले। मैं देश की सुरक्षा में लगे वीर जवानों को नमन करते हुए उन सभी वीर जवानों को भी नमन करता हूं, जिन्होंने देश की आंतरिक सुरक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति देकर मां भारती का गौरव बढ़ाया है।

## सतरंगी रोशनी से जगमग सरकारी भवन, आज होगी भव्य परेडय ये कार्यक्रम बनेंगे आकर्षण का केंद्र

कासगंज में गणतंत्र दिवस पर रविवार को सरकारी भवनों, शिक्षण संस्थाओं, महापुरुषों की प्रतिमाओं सहित अन्य स्थानों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा। वहीं, पुलिस लाइन में गणतंत्र दिवस पर भव्य परेड आयोजित की जाएगी। इसके लिए परेड ग्राउंड को शानदार ढंग से सजाया गया है। पर्व की पूर्व संध्या पर शनिवार को सभी सरकारी भवन और महापुरुषों की प्रतिमाएं सतरंग.ीरोशनी से जगमगा उठीं।कलेक्ट्रेट पर जिलाधिकारी मेधा रूपम सुबह 8रू30 बजे झंडा फहराएंगी। सुबह 9 बजे बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा स्कूली छात्र–छात्राओं की प्रभात फेरी निकाली जाएगी। सुबह 9रू30 बजे भव्य सजे पुलिस लाइन मैदान में पुलिस परेड हा.ेगी। यहां बनाई गई आकर्षक रंगोली अलग ही छटा बिखेर रही थी।कलेक्ट्रेट भवन रंग–बिरंगी विद्युत झालरों से जगमगाया। वहीं विकास भवन, पुलिस ऑफिस, सीएमओ ऑफिस सहित अन्य स्थानों पर भी भव्य तैयारियां की गई हैं।



राष्ट्र नायकों की प्रतिमाओं पर सतरंगी रोशनी की गई। इनके अलावा स्कूल–कॉलेजों में गणतंत्र दिवसे के कार्यक्रम होंगे।सामूहिक राष्ट्रगान कार्यक्रम होगा आयोजितरोटरी क्लब ऑफ कासगंज सिटी की ओर से गणतंत्र दिवस पर रविवार को बारहद्वारी घंटाघर पर सामूहिक राष्ट्रगान कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। लाउडस्पीकर लगाए गए हैं। इनके माध्यम से लोग अपने घरों, बाजारों, दुकानों पर सामूहिक राष्ट्रगान में हिस्सा लेंगे। क्लब के अध्यक्ष सिद्धार्थ चौधरी, सचिव वैभव बिड़ला, संयोजक गोपाल माहेश्वरी, अनूप गुप्ता, मनीष अग्रवाल, विनय गुप्ता, प्रदीप शंकर ने नगरवासियों से सामूहिक राष्ट्रगान में शामिल होने की अपील की है। डीएम, एसपी ने दीं शुभकामनाएंडीएम मेधा रूपम, एसपी अंकिता शर्मा ने सभी जिलावासियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी हैं। अधिकारियों ने लोगों से अपील की है कि शांति और सौहार्द के साथ पर्व मनाएं।

## कासगंज अंकिता शर्मा के निर्देशन में रिजर्व पुलिस लाइन कासगंज में गणतंत्र दिवस परेड का अयोजन किया गया

आज दिनांक 26.01.2025 को 76वें गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर पुलिस अधीक्षक कासगंज अंकिता शर्मा के निर्देशन में रिजर्व पुलिस लाइन कासगंज में गणतंत्र दिवस परेड का अयोजन किया गया ।इस दौरान मुख्य अतिथि जिलाधिकारी कासगंज श्रीमती मेधा रूपम द्वारा ध्वजारोहण कर परेड का मान प्रणाम स्वीकार किया गया, साथ ही परेड के दौरान जवानों द्वारा मुख्य अतिथि महोदय को सलामी दी गयी एवं परेड द्वारा मार्च पास्ट किया गया। परेड के उपरांत पुलिस अधीक्षक महोदया द्वारा सभी को राष्ट्र की एकता व अखंडता को अक्षुण्य बनाये रखने की शपथ दिलाई गई एवं भव्य परेड के आयोजन फलस्वरूप जवानों को प्रशस्ति पत्र एवं



स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया व अधिकारीध्कर्मचारीगण को पुलिस महा. निदेशक उत्तर प्रदेश से प्राप्त उत्कृष्ट सेवा पदक प्रदान कर उत्साह वर्धन किया गया  अतिथि महोदय व पुलिस अधीक्षक महोदया द्वारा स्कूल स्टाफ व बच्चों को पुरस्कृत कर उत्साहवर्धन किया गया । इस मौके पर जिला जज श्री रामेश्वर दयाल, समस्त जनपदीय अधिकारी, जनप्रतिनिधि, सम्मानित पत्रकार बन्धु व अधिकारीध्कर्मचारीगण एवं जनता के व्यक्ति मौजूद रहे।

## कासगंज में 76वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर विद्या भारती द्वारा आयोजित भव्य पथ संचलन में शहर के एक दर्जन से अधिक स्कूलों के करीब 5 हजार छात्र–छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया

कासगंज में 76वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर विद्या भारती द्वारा आयोजित भव्य पथ संचलन में शहर के एक दर्जन से अधिक स्कूलों के करीब 5 हजार छात्र–छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बैंड–बाजों की धुन पर आगे बढ़ते इस पथ संचलन में विभिन्न आकर्षक झांकियां प्रस्तुत की गईं, जो स्थानीय नागरिकों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बनीं।पथ संचलन ने पूरे शहर का भ्रमण कियापथ संचलन के दौरान छात्रों ने न केवल बैंड–बाजों के साथ मार्च किया, बल्कि देशभक्ति से ओतप्रोत घोष भी प्रस्तुत किए। समारोह में शामिल बच्चों और शहरवासियों में देशप्रेम की भावना स्पष्ट रूप से देखी गई। पथ संचलन ने पूरे शहर का भ्रमण किया, जिसके दौरान सुरक्षा व्यवस्था के लिएयह आयोजन राष्ट्रीय पर्व की भव्यता और महत्व को प्रदर्शित करने के साथ–साथ युवा पीढ़ी में देशभक्ति की भावना को प्रोत्साहित करने का एक सार्थक प्रयास रहा। विद्या भारती के स्कूलों द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम गणतंत्र दिवस समारोह का एक प्रमुख आकर्षण बन गया।

## तीन साल की भतीजी से फूफा ने की घिनौनी हरकत चॉकलेट दिलाने का झांसा देकर किया दुष्कर्म

एटा रू जिले में तीन वर्षीय बच्ची से घिनौनी हरकत करने के आरोप में पुलिस ने उसके फूफा को गिरफ्तार किया है। रविवार को पुलिस ने आधिका.रिक तौर पर फूफा की गिरफ्तारी की पुष्टि की है। बताया कि आरोपित बच्ची को चॉकलेट दिलाने का लालच देकर उसे घर से बाहर ले गया था। कोतवाली नगर के प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार सिंह के मुताबिक, बच्ची की मां ने फूफा हीरा लाल के खिलाफ लिखित शिकायत देते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई थी। लिखित शिकायत में मां का आरोप है कि शनिवार को हीरा लाल उनकी बेटी को चॉकलेट दिलाने के बहाने घर से बाहर ले गया था। पुलिस ने बताया कि जब बच्ची घर लौटी तो उसने अपनी मां को कुछ गलत होने की जानकारी दी। जब बच्ची घर लौटी तब उसने परिजनों को आपबीती सुनाई जिसके बाद परिजनों ने कोतवाली में आरोपित के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग की। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मां की शिकायत के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जा रही है। बच्ची की चि.कत्सीय जांच कराई गयी और आरोपी को घटना के कुछ देर बाद ही गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने बताया कि बच्ची की हालत गंभीर बनी हुई है।

## एटा जिले की 43वीं वाहिनी पीएसी बटालियन में एक गंभीर घटना सामने आई

एटा जिले की 43वीं वाहिनी पीएसी बटालियन में एक गंभीर घटना सामने आई है। यहां तैनात 28 वर्षीय रसोइया देवेंद्र (पिता महेश चंद्र) ने जहरीला पदार्थ खा लिया। घटना के बाद उनकी हालत गंभीर हो गई। पीएसी के जवान तुरंत घायल रसोइए को एटा स्थित वीरांगना अवंती बाई जिला मेडिकल कॉलेज ले गए। वहां इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए अलीगढ़ के जेएन मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।पुलिस आत्महत्या के कारणों का पता लगा रही कोतवाली देहात के थाना प्रभारी अमित कुमार ने बताया कि देर रात मेडिकल कॉलेज से सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस मामले की जांच कर रही है कि आखिर रसोइए ने जहर क्यों खाया। फिलहाल, जेएन मेडिकल कॉलेज अलीगढ़ में उनका इलाज जारी है। उन्हें खतरे से बाहर बताया जा रहा है। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन भी अस्पताल पहुंच गए हैं। पुलिस आत्महत्या के प्रयास के कारणों की जांच में जुटी है।

## स्टेज पर परफॉर्म कर रहे थे मिलिंद गाबा, साउंड सिस्टम में लगी आग, सिंगर ने 10 मिनट में छोड़ा शो

एटा महोत्सव 2025' में गाने के लिए गए थे. लेकिन शो में एक हादसा हो गया, जिसकी वजह से मिलिंद को 10 मिनट बाद ही मच से उतारना पड़ा और वह इवेंट से चले गए. दरअसल, एटा महोत्सव के स्टेज पर मिलिंद को गाते हुए 10 ही मिनट हुए थे कि वहां लगे साउंड सिस्टम में आग लगने गई. मिलिंद को सुनने और देखने के लिए हजारों की भीड़ इस इवेंट में शामिल हुई थी. लेकिन इस हादसे उनकी एक्साइटमेंट पर पानी फेर दिया मिलिंद गाबा को एटा महोत्सव में शाम को 7 बजे पहुंचना था. लेकिन वह 3 घंटे की देरी से पहुंचे. पंजाबी नाइट इवेंट में तकनीकी दिक्कत के चलते मिलिंद गाबा की परफॉर्मेंस रोकनी पड़ी. उन्होंने 4–5 ही गाने गाए थे कि साउंड सिस्टम से धुआं उठने लगा और आग लग गई और उन्हें मंच छोड़ने पड़े. एटा महोत्सव में जस्सी गिल भी हिस्सा लेंगे.बता दें, मिलिंद गाबा बिग बॉस ओटीटी के पहले सीजन में बतौर कंटेस्टेंट हिस्सा लिया था. उन्होंने अपनी सादगी से लोगों का दिल जीत लिया था. शो में उनकी दोस्ती अक्षरा सिंह से हुई. दोनों साथ मिलकर कई टास्क किए. साथ ही कई गाने भी गाए. शो से बाहर आने के बाद अक्षरा और मिलिंद ने एक म्यूजिक में एल्बम में साथ काम किया था.


**आवश्यकता है**

हिन्दी साप्ताहिक समाचार पत्र जननायक सम्राट के लिए जिला व्यूरो चीफमंडल व्यूरो चीफ ब्लाक ,ब्यूरो संवाददाता की आवश्यकता है।

सम्पर्क करें -

अमित कुमार वर्मा -संम्पादक

मौः-8218049162,8273402499








**जननायक सम्राट हिन्दी साप्ताहिक**

मालिक,मुद्रक, प्रकाशक आरती वर्मा द्वारा आशु प्रिंटिंगप्रेस,अचलताल अलीगढ़ से मुद्रितकराकर . कार्यालय सरोज नगर गली नम्बर 5,अलीगढ़ से प्रकाशित

सम्पादक-अमित कुमार वर्मा

सभी विवाद का न्याय क्षेत्र जनपद अलीगढ़ न्यायलय ही होगा